तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



11 माता का दर्शन करने देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों...





12 मां महामाया मंदिर में 4 हजार ज्योत प्रज्ज्वलित




## नवरात्रि विशेष



### पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

# पलारी में 30 फीट रावण पुतले का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए विगत दिनों दशहरा समिति की बैठक आहूत की गई। इसमे सर्वसम्मति से 30 फीट रावण का पुतला दहन करने तथा स्थानीय मूर्तिकार संतू जायसवाल को रावन का पुतला निर्माण का जिम्मा सौंपा गया। वहीं कार्यक्रम की भव्यता को लेकर समिति के सदस्यों ने दशहरा मैदान का निरिक्षण किया, जिसमें जो निर्माण कार्य जो चल रहे हैं, उसे पूरा करने कहा है, ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप सम्पन्न हो सके। गौरतलब हो



पलारी में मनाने वाले दशहरा पर्व अंचल में सबसे भव्य तरीके से आतिशबाजी के साथ मनाया जाता है, जिसे देखने अंचल के लोग हजारों की तादात में पहुंचते हैं। इस वर्ष दशहरा पर्व 12 अक्टूबर को मनाया जायेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने बताया कि नगरवासियों के सहयोग से पलारी में मनाए जाने वाले दशहरा पर्व की लोकप्रियता साल दर साल बढ़ती जा रही है, जिसे देखते हुए समिति के सभी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी कार्य समय पर पूरा कर लिए जाएंगे। इस अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, सहदेव देवांगन, नेतरंजन निर्मलकर, ताजेन्द्र कनौजे, रज्जाक खान, यमलोक साहू, महेश ढीढी, शेखर वर्मा, डोमार वर्मा, अजय वर्मा, जगदीश पटेल, कृष्णकुमार यदु, तुका वर्मा, कृष्णा देवांगन, भूषण ठेठवार, रसूल बेग, महेश वर्मा, सुमित निराला, तुंगन वर्मा सहित सदस्यगण उपस्थित थे।

## केसला में भगवान रामचंद्र की निकाली बारात



खरोरा। ग्राम केशला में भगवान श्री रामचंद्रजी विवाह में गाजे बाजे के साथ बारात निकाली गई। ग्राम केशला में नवयुवक रामलीला मंडली द्वारा भगवान राम विवाह का मंचन किया गया। इस अवसर पर रामचरण देवांगन दुकान स्थान से प्रभु श्री रामचंद्र की बारात निकाली गई, जिसका केशला पेट्रोल पंप, तिगड्डा चौक, स्कूल चौक में भ्रमण की। वहीं जगह-जगह श्रीराम की बारात का भव्य स्वागत किया गया। रथ पर भरत शत्रुघ्न ▶▶ शेष पेज 11 पर

## कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कामकाज की समीक्षा में विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

# आमजन के सभी कार्य समयसीमा में प्राथमिकता से करे राजस्व अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

कलेक्टर दीपक सोनी ने नगर स्थित शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय के सभागार में अनुविभाग सिमगा अंतर्गत राजस्व संबंधित कामकाज की विस्तृत समीक्षा की है। बैठक में विशेष रूप से सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं ग्राम कोटवार भी उपस्थित रहे।

श्री सोनी ने सभी मैदानी कर्मचारियों को आम जनता का कार्य समय–सीमा के भीतर प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सूचना तंत्र को मजबूत एवं आपसी समन्वयता पर जोर बढ़ाने की बात कही। श्री सोनी ने कहा कि राजस्व का मामला आम आदमी से सीधा जुड़ा होता है। इन प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। सभी प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर ही होना चाहिए। सरकार की छवि निर्माण बनाने एवं बिगाड़ने में राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

इस दौरान उन्होंने नामांतरण, अविवादित बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, भू–अर्जन, भू–भाटक, सीमांकन जैसे प्रकरणों का विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा की सभी रिकार्ड को अनिवार्य रूप से दुरूस्त एवं सभी प्रकरणों को शत प्रतिशत ई कोर्ट में दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में सीमांकन एवं ऋण पुस्तिका हेतु अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं।

इसके लिए सभी तहसीलदारों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व निरीक्षक का अब बरसात खत्म हो गई है। फसल कटते ही एक विशेष अभियान चलाकर शत–प्रतिशत सीमांकन के कार्य को पूर्ण करें। साथ ही कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जो कर्मचारी बेहतर कार्य करेंगे अथवा रिकार्ड अच्छे से दुरूस्त करेंगे। उन्हें आने वाले दिनों में जिला स्तरीय कार्यक्रमों में सम्मानित किया जाएगा।



### तहसीलदार नियमित ले पटवारी और कोटवारों की बैठक

साथ ही साथ सभी तहसीलदारों को नियमित रूप से पटवारी एवं कोटवार की बैठक लेने एवं अधिक संख्या में फील्ड में जाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान ग्राम कोटवार एवं पटवारी द्वारा भी होने वाले परेशानियों के बारे में अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने शीघ्र निराकरण के आश्वासन दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी कोटवारों को मुनादी के जल्द ही माइक एवं रात्रि के लिए टार्च प्रदान करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर पलारी एसडीएम सीमा ठाकुर, तहसीलदार लीलाधर कंवर सहित राजस्व विभाग के अधिकारी–कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 20 किलो गांजा जब्त महिला-पुरुष गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

थाना शहर पुलिस ने रेलवे माल धक्का के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री के लिए ग्राहक तलास कर रहे 1 पुरुष और 1 महिला को किया गिरफ्तार है। पकड़े गए आरोपियों में ग्राम दुगमा थाना मऊगंज जिला मऊगंज मध्यप्रदेश निवासी 44 वर्षीय शिवानंद पिता तुलसी पटेल और ग्राम रीवा थाना लालगांव जिला रीवा मध्यप्रदेश निवासी 26 वर्षीय पूजा पटेल पति शेर बहादुर पटेल शामिल हैं।

सोमवार को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि रेलवे माल धक्का के पास सिध्द बाबा शराब भट्टी रोड भाटापारा में एक पुरुष और एक महिला दो पीठू बैग में अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री करने के लिए पैदल ग्राहक तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घेरा बंदी कर दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में पुरुष अपना नाम शिवानंद पटेल बताया, जिसके कब्जे से चार पैकेट मादक पदार्थ वजन 12.460 किग्रा किमती 149520 रूपये तथा महिला पूजा पटेल के कब्जे से दो पैकेट वजन 7.590 किग्रा किमती 91080 सहित 20.040 किलोग्राम कीमत 240456 रुपए का गांजा जब्त किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना भाटापारा शहर में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### शराब के नशे में प्राणघातक हमला, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** शराब पीकर गाली गलौज कर रहे बेटे को मना करने पर पिता पर ब्लेड से प्राणघातक हमला कर दिया। जगन्नाथ भोई पिता सफेद भोई उम्र 51 साल निवासी ग्राम वार्ड नं. 14 बस्ती सरायपाली ने पुलिस को बताया कि रविवार को रात करीब 8 बजे के उसका बेटा दिनेश भोई नशे में घर आया व गाली गलौज कर रहा था, जिसे मना किया तो वह अपने सर को ईंट से मारने लगा, जिसे जगन्नाथ द्वारा बचाव करने पर आज तुझे जिन्दा नहीं छोडुंगा कहकर जेब में रखें ब्लेड से हत्या करने की नियत से उसके गले में ब्लेड मार कर प्राण घातक हमला किया। जिसके रोकने के प्रयास में बांये हाथ के छोटी एवं तर्जनी उंगली तथा दाहिने हाथ की मध्य उंगली कट गई। आरोपी दिनेश भोई के खिलाफ 109 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत

**महासमुंद।** ग्राम परसदा एवं कौंदकेरा के मध्य पत्नी को लेने जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई घटना में जांच के बाद रविवार को केस दर्ज कर लिया गया है। मर्ग जांच में पाया गया कि हितेश सिंह पिता चंदन ठाकुर 22 साल निवासी डोंगरीपाली अपनी पत्नी चांदनी ठाकुर को साथ लेकर 10 मई को बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 06 एचए 2427 ससुराल ग्राम बनसिवनी जाने के दौरान परसदा एवं कौंदकेरा के मध्य बालाजी राईस मिल के पहले तुमगांव रोड़ पर सामने से आ रहीं बजाज प्लेटिना बाइक क्र. सीजी 06 जीपी 8502 के चालक ने अपनी मोटर सायकल को तेजी से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए हितेश सिंह के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मार दी, जिससे हितेश ठाकुर के सिर, चेहरा, बांया पैर के घुटने एवं सीने में चोटे आई।

# सुवा नृत्य देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शान्ति नगर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस नवरात्रि में प्रति दिन रात्रि कालीन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नवरात्रि के पहले दिन जगमग दीप जले सुवा समिति चरौदा की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। माता रानी के दरबार में आधी रात तक चले इस कार्यक्रम में आस पास के लोगों ने खूब तालियां बटोरी। सुवा नृत्य के सौंजन्यकर्ता गोपी साहू पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, भोला वर्मा, पुनीत रजक द्वारा आमंत्रित किया गया था। पारंपरिक सुआ नृत्य



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग अंत तक डटे रहे। विदित हो कि इस वर्ष शांति नगर दुर्गोत्सव समिति के नवयुवकों द्वारा आकर्षक पंडाल के अंदर छत्तीसगढ़ की 36 देवियों की प्रतिमाओं को एक ही पंडाल में स्थापित किया गया है। इसकी चर्चा नगर सहित आस पास जोरों पर है। समिति के सदस्य पुनीत रजक, भोला वर्मा ने बताया कि शांति नगर में नवरात्रि के नौ दिनों तक अलग अलग आकर्षक झांकी व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### महिला एवं बेटे से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तुमगाँव थाना क्षेत्र के ग्राम अछोली में महिला एवं उसके बेटे से मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रार्थिया धनेश्वरी साहू ने पुलिस को बताया है कि रविवार को प्रातः 8.30 बजे मैं अपने घर में थी, तभी मेरे पति द्वारा दूसरे घर में जाना है कहकर घर के रखे सामान को फेंक रहा था तब मैं विडियो बना रही थी उसी समय मेरे मोबाईल को छिनकर पटक कर गंदी गंदी मां बहन की गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट चोंट पहुंचाया है । वहीं छोटा पुत्र त्रिलोक साहू के साथ भी मारपीट की। शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# भाजयुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

भाजयुमो का जिला स्तरीय सदस्यता अभियान के अंतर्गत पलारी में सदस्यता रथ के साथ कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों एवं चौक चौराहों में किसानों, व्यापारियों एवं युवा साथियों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करायी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, मंडल महामंत्री पवन वर्मा, जिला प्रतिनिधि हेमंत साहू, जिला आईटी सेल संयोजक नेतरंजन निर्मलकर, भाजयुमो प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य लोकेश यदु, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि ध्रुव, नगर पंचायत सभापति ताजेद्र कन्नौजे, चूड़ामनी साहू, कौशल साहू, गौतम यादव, बिहस कलिहारी, आजूराम यादव, मनोज गिरी, अजा मोर्चा मंडल महामंत्री राकेश छेदइया, रामेश्वर वर्मा, जितेंद्र देवांगन, बबलू वर्मा, मनीष देवांगन आदि उपस्थित थे।



## दुकानों एवं बैंक के सामने नहीं पार्किंग व्यवस्था, रोजाना बन रही जाम की स्थिति

# गोल बाजार के लिए त्योहारी सीजन में नो एंट्री टाइमिंग जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवरात्रि और आगामी दीपावली पर्व के चलते इन दिनों शहर के मुख्य मार्ग सहित गोल बाजार में भारी भीड़ का आलम है। दरअसल, शहर में कई स्थानों में रास-गरबा का आयोजन हो रहा है वहीं दीपावली की तैयारियों के चलते लोग लगातार खरीददारी करने बाजार पहुंच रहे हैं। वहीं गोल बाजार में थोक व्यापारियों के दुकानों में पहुंचने और इस मार्ग से गुजरने वाले 4 पहिया वाहनों के चलते दिन में कई बार जाम की स्थिति बन रही है। बता दें कि शहर के रास गरबा स्थल पर 10 बजे के बाद साउंड सिस्टम बंद कर दिया जा रहा है। गरबा समाप्त होते ही यहां की हजारों की संख्या मुख्य मार्ग में पहुंच जाती है। वहीं शहर में बड़े वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध बिल्कुल नही है। रात में भीड़ के बाद भी मालवाहक वाहनें और रेत से भरी हाईवा बिना रफ्तार कम किए बेधड़क मुख्य मार्ग गुजरते हैं। समस्या यह है कि रात 9 बजते ही शहर के सभी सिग्नल बंद हो जाते हैं।



### त्यौहारी सीजन में दुकानों का सामान सड़क पर होने से भी लग रहा जाम

सराफा मार्केट से गांधी चौक, महामाया मंदिर मार्ग में एवं मुख्या मार्ग रायपुर रोड़ में नगर पालिका और राजस्व अमले ने कई बार ट्रैफिक पुलिस के साथ दुकानों के बाहर सड़क पर समान नहीं रखने की समझाइश दी है। वहीं, प्रशासन ने कुछ दुकानदारों पर कार्रवाई भी की, परंतु फिर से वही स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा उपभोक्ता भी अपनी दो पहिया वाहन खड़ी कर रहे हैं। इसके कारण 30 फीट की सड़क 10 से 8 फीट की हो जाती है। आम जनता फिर प्रशासन की कारवाई की बाट जोह रही है ताकि शहर में आवागमन सुचारू रूप हो सके।

### सराफा व्यापारी परेशान

शहर की मुख्य सराफा दुकानें गांधी चौक के आसपास स्थित हैं। यहां आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नही होने के कारण दुकानदार खासे परेशान है। दुकानों के सामने वाहनों के खड़े होने के चलते आवागमन बाधित होता है और राहगीरों के साथ आसपास के दुकानदारों को भी काफी परेशानी होती है। ग्राहकों द्वारा लगातार इसकी शिकायत किए जाने के बावजूद यहां पार्किंग की व्यवस्था में सुधार नही हो पा रहा। त्यौहारी सीजन में भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था के लिए प्रयास नही होने के कारण व्यापारीगण भी परेशान है।

### बैंकों में भी भीड़ जुट रही

त्यौहारी सीजन में लोग, बाजारों से लेकर बैंकों में पहुंच रहे हैं। जहां हर रोज बैंक के सामने गाड़ियों की अव्यवस्थित ढंग से खड़ी कर रहे हैं इसी तरह शहर के अन्य मार्गों में स्थित बैंकों के पास भी, यही स्थिति रहती है। दुर्गा पूजा एवं नवरात्रि पर यह हाल है तो आगामी दीपावली त्योहार के चलते गांव के लोग खरीदारी करने पहुंचेंगे तो परेशानी बढ़ेगी।

### शशीकांत बने कबड्डी संघ के अध्यक्ष और प्रदीप महासचिव

**बलौदाबाजार।** नगर के विप्र भवन में रविवार को गहमागहमी भरे माहौल में प्रदेश कबड्डी संघ के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। इसमें शशीकांत बघेल दुर्ग अध्यक्ष एवं प्रदीप यादव बिलासपुर महासिचव पद के लिए निर्वाचित किये गये। इसके अलावा सेवाराम साहू रायपुर कोषाध्यक्ष, ओपी जलान महासमुंद संगठन सचिव के अलावा उपाध्यक्ष के चार पदों पर दिनेश चंद्रवंशी, निरंजन, प्रमोद चौबे व कोमल मरावी को विजयी घोषित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी द्वारा संपन्न कराये गये चुनाव में भाग लेने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे 69 जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष एवं सचिवों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात देर शाम को निर्वाचन ▶▶ शेष पेज 11 पर


पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# केवाईसी में दिक्कत, तीन माह से पेंशन नहीं, खाने-पीने में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के गरीब, अशक्त, असहाय और दिव्यांग पेंशनरों को तीन माह से पेंशन नहीं मिली है। हर महीने पेंशन मिलने की आस में वे वार्ड में लगने वाले शिविर में अपना बैंक खाता लेकर उम्मीद के साथ जाते हैं कि उनके खाते में पेंशन की राशि आई होगी, पर बैंक के अधिकारी उन्हें ये कहकर बैरंग लौटा रहे कि उन्होंने केवाईसी नहीं कराई।

कुछ पेंशनर ऐसे भी हैं, जिनके हाथों की रेखाएं घिस जाने से फिंगरप्रिंट में दिक्कत आ रही है। चलने-फिरने में तकलीफ के बाद भी उन्हें केवाईसी के नाम पर परेशान किया जा रहा है। यह स्थिति किसी एक वार्ड की नहीं, पूरे 70 वार्डों में है। निगम प्रशासन इस मामले में लापरवाह बना हुआ है।

केस 1

## तीन माह से खाते में पैसा नहीं

छत्तीसगढ़ नगर की 70 वर्षीया कृष्णाबाई साहू पति झड़ीराम साहू के खाते में 3 माह से पेंशन की राशि नहीं आई है। शिविर में जाकर पता किया तो बैंक वालों ने कहा कि उनके खाते में पैसा नहीं आया। बुजुर्ग महिला पेंशन के लिए बेहद परेशान है, बैंक वाले कुछ बता नहीं रहे कि पैसा कब तक आएगा। इससे उन्हें आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। मामला केवायसी में फंसा बताया जा रहा।

## दस जोन के 70 वार्डों में कमोबेश यही स्थिति





*चार माह से नहीं मिली निराश्रित पेंशन : शहीद पंकज विक्रम वार्ड के छत्तीसगढ़ नगर रहवासी 65 वर्षीय रनिया बाई साहू के बैंक खाते में 4 माह से पेंशन की राशि नहीं आई। पेंशन नहीं मिलने से परेशान वृद्धा ने वार्ड पार्षद को अपनी परेशानी बताई। शिविर में बैंक वाले ये कहकर लौटा देते हैं कि अगले माह पेंशन की राशि आ जाएगी। निराश्रित पेंशन ही उनका सहारा है, पर इसके लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है।*

केस 2

## केवाईसी के लिए चक्कर

कालीमाता वार्ड के तरूण नगर निवासी छोटेलाल, रामू साहू, रमशिला बाई और शक्तिनगर की मथुरा पटेल पेंशन के लिए भटक रही हैं। इन हितग्राहियों को ये कहा जा रहा है कि केवाईसी नही हुई, इसलिए पैसा नहीं। केवाईसी के लिए इन्हें बैंक वाले के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। बैंक वाले आधारकार्ड और फोटो, बैंक खाते की फोटोकॉपी लेकर गए हैं, फिर भी भी खाते में पैसा नहीं आ रहा है।

## जोन कमिश्नर को जिम्मेदारी, शिविर लगेंगे

पेंशनरों के खाते में पेंशन नहीं आने की शिकायत मिली है। सामान्य सभा के प्रश्नकाल में पार्षद अमितेश भारद्वाज के प्रश्न लगाने पर मामला उठा था। विभागीय अधिकारी को तलब किया है। दस दिन के अंदर सभी वार्डों में निराश्रित, दिव्यांग, बुजुर्ग पेंशनरों के खाते की केवाईसी कराने शिविर लगाने की हिदायत दी गई है। जोन कमिश्नर को इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

**- प्रमोद दुबे,** सभापति, ननि रायपुर

## खबर संक्षेप



### माता के दर्शन करने पहुंचे विधायक, हुआ स्वागत

**रायपुर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी धरमपुरा जोरा स्थित मां दुर्गा के पंडाल में रविवार को पूर्व श्रम मंत्री और बैकुंठपुर के विधायक भैय्यालाल राजवाड़े पहुंचे। इसके बाद मातारानी की पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पूजा पंडाल के अध्यक्ष राजेश टंडन, माना मंडल भाजपा की प्रचार-प्रसार मंत्री ज्योति यादव, सचिव दीपा मानिकपुरी, आर. रजनी और कला सेन आदि शामिल रहे।


### शीतला मंदिर गोंदवारा में 118 ज्योति कलश की स्थापना



**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर संत कबीरदास वार्ड नंबर-3 स्थित आदिशक्ति जगतजननी मां शीतला मंदिर गोंदवारा में ज्योति कलश की स्थापना भक्तिभाव के साथ की गई है। नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व वर्ष में दो बार मनाया जाता है और पूरे नौ दिवस तक अलग-अलग दिन मातारानी के नौ रूपों की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं भक्त मातारानी से मनवांछित इच्छाओं की पूर्ति के लिए जंवारा और कलश भी मंदिरों में स्थापित करते है। इस वर्ष शीतला माता मंदिर गोंदवारा में 118 ज्योति कलश की स्थापना की गई है।

### अजय बने कृषक नगर जन विकास समिति के अध्यक्ष

**रायपुर।** प्रोफेसर कॉलोनी जोरा स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार को



कृषक नगर जनविकास समिति की आमसभा हुई। इस बैठक में तीन वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी गठित की गई, जिसमें समिति का अध्यक्ष अजय शर्मा और उपाध्यक्ष इंदू वर्मा को चुना गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि आप सबके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने बताया कि आज हुई आमसभा की बैठक में जोरा स्थित प्रोफेसर कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के

### 60 रुपए किलो का धनिया चिल्हर में दो सौ रुपए किलो

# चौतरफा मुनाफाखोरी का खेल, थोक में टमाटर 55 और चिल्हर में 80 से 100 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

त्योहारी सीजन में चौतरफा जमकर मुनाफाखोरी का खेल चल रहा है। इस माह के अंत में टमाटर की लोकल फसल आएगी। फसल के आने से पहले बाहर से मंगाए जा रहे टमाटर की कीमत में इजाफा हो गया है। हालांकि थोक में तो कीमत कम बढ़ी है, लेकिन चिल्हर काराबोरी जमकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं, यही वजह है कि थोक में जो अच्छी क्वालिटी का टमाटर 50 से 55 रुपए किलो में मिल रहा है, उसे ज्यादातर सब्जी बाजारों में 80 से 100 रुपए में बेचा जा रहा है। ऐसा ही धनिया के साथ हो रहा है। धनिया की कीमत इस सप्ताह बहुत कम हो गई थी और यह चिल्हर में ही 60 रुपए किलो हो गया था, लेकिन अब चिल्हर में यह दो सौ रुपए किलो तक बेचा जा रहा है, जबकि थोक में इसकी कीमत 50 से 60 रुपए है।

त्योहारी सीजन में हमेशा से ही जमकर मुनाफाखोरी करने का खेल चलता है। नवरात्रि से जैसे ही त्योहारी सीजन का आगाज हुआ है, वैसे ही घरेलू सामान में मुनाफाखोरी का खेल प्रारंभ हो गया है। पहले खाद्य तेलों में आयात शुल्क बढ़ने के कारण कीमत 40 रुपए तक बढ़ा दी गई, अब सब्जियों के दाम में भी मुनाफाखोरी की जा रही है। वैसे सब्जियों में मुनाफाखोरी का खेल नया नहीं है, लेकिन त्योहारों को देखकर कीमत में और ज्यादा खेल चिल्हर कारोबारी करते हैं।



### चिल्हर में टमाटर के दाम डबल

थोक सब्जी मंडी में इस समय टमाटर की आवक कर्नाटक से हो रही है। बीते माह तक आवक ठीक रहने के कारण चिल्हर में टमाटर की कीमत 40 से 50 रुपए थी, लेकिन विगत माह के अंत में कीमत में तेजी आने का क्रम प्रारंभ हुआ। अब तो अक्टूबर के पहले सप्ताह में कीमत में भारी तेजी आ गई है। हालांकि यह तेजी चिल्हर में बाजार में ज्यादा आई है। थोक में टमाटर की कीमत अच्छी क्वालिटी की 50 से 55 रुपए है, लेकिन शास्त्री मार्केट से लेकर शहर के चिल्हर सब्जी बाजारों में अच्छी क्वालिटी का टमाटर सौ रुपए में बेचा जा रहा है, यानी थोक से करीब डबल दाम चिल्हर ग्राहक से लिए जा रहे हैं। आने वाले समय में 20 दिनों के अंदर लोकल टमाटर आ जाएगा तो कीमत जमीन पर आ जाएगी, इसके पहले कारोबारी मुनाफाखोरी से जमकर कमाई करना चाहते हैं।



### धनिया में चिल्हर ग्राहकों से लूट

धनिया की कीमत बीते माह थोक में तीन सौ रुपए और चिल्हर में चार सौ रुपए तक चली गई थी, लेकिन इस माह के प्रारंभ में धनिया थोक में जहां 30 रुपए किलो पर आ गया था, वहीं चिल्हर में 60 रुपए किलो मिलने लगा था, लेकिन अब वापस इसकी कीमत में इजाफा होने लगा है। थोक में इसकी कीमत 50 से 60 रुपए हो गई है, लेकिन चिल्हर कारोबारी इसको डेढ़ से दो सौ रुपए में बेच रहे हैं। जहां शास्त्री मार्केट में धनिया 35 से 40 रुपए पाव मिल रहा है, वहीं दूसरे सब्जी बाजार में यह 50 रुपए पाव बेचा जा रहा है।

### आवक कम होने के बढ़ी कीमत

टमाटर की आवक अब कर्नाटक से रोज 8 से 10 ट्रक ही हो रही है। पहले यह 20 ट्रक तक आ रहा है। इसके कारण थोक में कीमत 50 से 55 रुपए हो गई है। धनिया भी थोक में 50 से 60 रुपए किलो है।

**- टी. श्रीनिवास रेड्डी,** अध्यक्ष डूमरतराई थोक सब्जी बाजार एसोसिएशन

# 841 करोड़ में होगी सड़कों की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- बिलासपुर और सरगुजा संभाग में सड़कों की स्थिति ज्यादा खराब

छत्तीसगढ़ में बारिश के बाद सड़कों की मरम्मत कराने का फरमान लोक निर्माण मंत्री ने जारी किया है। मंत्री के फरमान के बाद सभी संभागीय कार्यालयों द्वारा उन सड़कों का प्रस्ताव भेजा जा रहा है, जहां कार्य होना है। विभाग ने सड़कों के संधारण के लिए 841 करोड़ का प्रावधान किया है।

बारिश के कारण सरगुजा, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर सहित कई ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर गड्ढे नजर आ रहे हैं। अब बारिश खत्म होने के बाद विभाग ने युद्धस्तर पर काम शुरू कर नवंबर तक इसकी मरम्मत कराने का निर्णय लिया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि संभागीय कार्यालयों के प्रस्ताव को स्वीकृति देने के बाद इसका कार्यादेश जारी करने की प्रकिया शुरू होगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा उन सड़कों पर पहले ध्यान दिया जा रहा है, जो ज्यादा खराब हैं। इनमें बिलासपुर संभाग की अधिकांश सड़कें शामिल हैं। यहां पर शामिल सड़कों को लेकर जिलेवार जानकारी दी गई है। अधिक बारिश की वजह से जलजमाव के कारण ज्यादातर सड़कें खराब हुई हैं। ऐसी सड़कों की मरम्मत के समय पानी निकासी और ढलान सही कर ठीक करने का काम होगा। विधानसभा चुनाव के पहले कई सड़कों का डामरीकरण कर उन्हें नया किया गया था।

*सभी जोन में शुरू होंगे सुधार कार्य*

*शहर में बड़ी सड़कों का मेंटेनेंस पीडब्ल्यूडी के जिम्मे है। केनाल रोड के साथ ही राजधानी के विभिन्न इलाकों में पीडब्ल्यूडी ने सड़क बनाई है। हर साल बरसात के बाद सड़क के पेचवर्क पर करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। बरसात के दौरान कई सड़कों की ऊपरी परतें धुल गई हैं और जगह-जगह कंक्रीट व बारीक गिट्टी निकल आई है। तेज बारिश के दौरान छोटे-बड़े गड्ढे बन गए हैं और इससे हादसे का खतरा भी बढ़ गया है।*

### 15 से शुरुआत, डेढ़ माह तक मरम्मत

बताया गया है कि सभी संभागों से सड़क मरम्मत कार्य के कार्यादेश 10 अक्टूबर तक जारी किए जाएंगे। कार्यादेश जारी होने के बाद 15 तारीख से काम शुरू किया जाएगा। डेढ़ माह चलने वाले काम के दौरान प्रदेशभर की सड़कों में पेचवर्क और अन्य कार्यों के मदद से बिगड़ी सड़क को ठीक किया जाएगा। बताया गया है कि आठ माह पहले, पूर्ववर्ती सरकार ने जिलों में शहर के अंदर के सड़कों का डामरीकरण कराया था। डामरीकरण के बाद कुछ सड़कें बारिश में उखड़ गई हैं, ऐसी सड़कों की मरम्मत की जानी है।

## 'हरिशंकर परसाई व्यंग्य सम्मान' लखनऊ के व्यंग्यकार अनूप को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हिंदी साहित्य व व्यंग्य संस्थान की ओर से व्यंग्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में रखा गया। हरिशंकर परसाई व्यंग्य सम्मान लखनऊ के सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार अनूप मणि त्रिपाठी को, छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान सुनील रामदास अग्रवाल तथा छत्तीसगढ़ साहित्य सम्मान लोक बाबू को दिया गया। छत्तीसगढ़ समाज सेवा सम्मान नवदृष्टि फाउंडेशन दुर्ग को दिया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि निगम के सभापति प्रमोद दुबे, छग योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, छत्तीसगढ़ी विप्र समाज के अध्यक्ष विनय तिवारी तथा नई दिल्ली के प्रखर व्यंग्य आलोचक डॉ. रमेश तिवारी तथा हिंदी साहित्य व व्यंग्य संस्थान के अध्यक्ष व वरिष्ठ व्यंग्यकार राजशेखर चौबे मौजूद रहे। अनूप मणि त्रिपाठी ने अपना



व्यंग्य 'सांपों की सभा' का पाठ कर खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन शुभ्रा ठाकुर ने किया।

इस दौरान वरिष्ठ व्यंग्यकार राजशेखर चौबे के व्यंग्य संग्रह 'संतरा गणतंत्र' पर चर्चा का आयोजन किया गया। डॉ. रमेश तिवारी, रमेश सैनी और डॉ. महेंद्र कुमार ठाकुर ने व्यंग्य संग्रह 'संतरा गणतंत्र' की समीक्षा की। इस दौरान पुस्तक मेला आकर्षण का केंद्र रहा।

समारोह के दूसरे सत्र में 'आज का समय और हरिशंकर परसाई' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ व्यंग्यकार विनोद साव दुर्ग ने की।

## नहीं मिला सशस्त्र बल, आंबेडकर अस्पताल की सुरक्षा अब भी निहत्थे जवानों के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- कोलकाता मेडिकल कॉलेज कांड के बाद गरमाया मामला ठंडा पड़ा

कोलकाता मेडिकल कॉलेज में हुई घटना के बाद आंबेडकर अस्पताल की सुरक्षा पुख्ता करने के लिए मांगा गया सशस्त्र बल अभी भी प्रक्रिया में अटका हुआ है। अस्पताल की सुरक्षा का जिम्मा अभी भी बिना लाठी वाले निजी एजेंसी के सुरक्षा जवानों के भरोसे है। आंबेडकर अस्पताल के अलावा डीके अस्पताल द्वारा भी 12 सशस्त्र जवानों की तैनाती के लिए प्रस्ताव भेजा गया था।

मामला गरमाने के बाद अस्पताल और कॉलेज प्रबंधन ने सुरक्षा संसाधनों को अपडेट करने की जरूरत बताई थी। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12-12 बंदूकधारी जवानों की ड्यूटी लगाने पर सहमति जताई गई थी। अस्पताल प्रबंधन से पुलिस विभाग को पत्र भेजने कहा गया था, जिसकी प्रक्रिया पूरी हुई, मगर समय बीतने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। आंबेडकर अस्पताल में सुरक्षा के साथ अन्य कार्यों की जिम्मेदारी अभी भी निजी एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले सुरक्षा गार्डों के भरोसे हैं। अस्पताल के संवेदनशील इलाकों में ड्यूटी करने के बजाय इनका ज्यादातर उपयोग गेट और ओपीडी में हो रहा है। अस्पतालों में सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की योजना भी थी, मगर इस पर भी काम शुरू नहीं हो पाया है। डीके अस्पताल में भी सशस्त्र बल की तैनाती के लिए



प्रस्ताव भेजा गया था, मगर वहां भी निजी कंपनी के गार्ड ही सुरक्षा का काम संभाल रहे हैं।

### रास्तों का भी वही हाल

आंबेडकर अस्पताल के पिछले हिस्से में बनाए गए छात्रावास तक पहुंच के लिए सुगम रास्ता बनाने हिदायत दी गई थी। महीनेभर बाद भी उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है और रात के बाद उस इलाके में चिकित्सकों की आवाजाही अंधेरे भरे रास्ते से हो रही है। वहां सुरक्षा गार्डों की उपस्थिति दिन के बाद दिखाई नहीं पड़ रही है।

### आंबेडकर में 170, डीके में 82 सुरक्षा गार्ड

आंबेडकर अस्पताल में कुल 170 निजी एजेंसी के सुरक्षा जवान तैनात हैं। इसी तरह डीके अस्पताल में इनकी संख्या 82 है। सुरक्षा गार्ड तीन शिफ्ट के हिसाब से अपनी ड्यूटी पूरी करते हैं। इन जवानों को सुरक्षा के लिए आवश्यक ट्रेनिंग देने की योजना थी, जो अभी भी अधूरी है।

## सच्चियाय माता की शोभायात्रा श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**रायपुर।** श्री सच्चियाय माता सेवक संघ द्वारा रविवार को श्री सच्चियाय माता कुलदेवी (ओसियां) की भव्य शोभायात्रा मंडी गेट पंडरी स्थित मंदिर से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा का समापन गुजराती स्कूल देवेंद्र नगर में किया गया। इसके बाद सामूहिक पूजा कर महाआरती की गई। इस संबंध में समिति के सदस्य राजकुमार राठी और राजेंद्र बैद ने बताया कि महाआरती के बाद माता को 56 भोग अर्पित किए गए। शाम को रास गरबा एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जहां माता के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सूरत एवं दिल्ली के कलाकार नीलेश बाफना एवं पुलकित खटेड द्वारा श्री सच्चियाय माता के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। श्री सच्चियाय माता ओसवाल समाज, माहेश्वरी समाज सहित अनेक समाज की कुलदेवी हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेंद्र बैद, मनीष समदड़िया, जयकिशन मोहता, पवन करणानी, सुभाष कोठारी, नरेंद्र पारख, मनीष सिंघी, संजय बैद, उमेद बैद, कमलेश चोपड़ा, पवन मोहता, रंजू बैद सहित माता के हजारों भक्तों का विशेष योगदान रहा।

## हादसे में कट गए दोनों पैर, सरकार ने इलाज के लिए मंजूर किए दस लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की संवेदनशीलता के चलते युवक की जान बच गई। सड़क हादसे में युवक का दोनों पैर कट गए थे। मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से मिली राशि से 80 दिन तक उसका निजी अस्पताल में उपचार हो पाया।

सड़क हादसे में 25 साल का शिराज हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गया था। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसके दोनों पैर काटने पड़ गए। 90 फीसदी संक्रमण से ग्रसित शिराज के परिजनों ने इलाज के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से आर्थिक मदद की गुहार लगाई थी। उन्होंने परिजनों को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के



लिए आवेदन करने की सलाह दी थी। स्वास्थ्य मंत्री की पहल पर दस लाख रुपए की राशि इलाज के लिए मंजूर हुई और शिराज का इलाज राजधानी के निजी अस्पताल में संभव हो पाया। शिराज का इलाज 80 दिन तक चला, इस दौरान इंपटेशन ग्राफ्टिंग डिब्राइटमेंट फ्लेप की दो बार सर्जरी हुई।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1166.3 मिमी. औसत वर्षा

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1166.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 06 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2379.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 634.5 मिमी, सूरजपुर में 1160.8 मिमी, बलरामपुर में 1733.8 मिमी, जशपुर में 1064.1 मिमी, कोरिया में 1127.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1088.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार रायपुर जिले में 957.6 मिमी, बलौदाबाजार में 1188.3 मिमी, गरियाबंद में 1100.8 मिमी, महासमुंद में 969.8 मिमी, धमतरी में 1035.5 मिमी, बिलासपुर में 996.9 मिमी, मुंगेली में 1115.5 मिमी, रायगढ़ में 1111.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1223.4 मिमी, सक्ती 1063.1 मिमी, कोरबा में 1419.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1207.5 मिमी, दुर्ग में 655.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

### आम जनता से जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए न्याय यात्रा की जाएगी

# बैज ने दिए संकेत- जहां कांग्रेस कमजोर, वहां जारी रहेगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में बलौदाबाजार आगजनी कांड, कवर्धा के लोहारीडीह मामले और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर 125 किमी न्याय यात्रा की सफलता के बाद कांग्रेस कमेटी अब दूसरी जगहों से ऐसी यात्रा शुरू करने के संबंध में रणनीति तैयार कर रही है। कांग्रेस का फोकस ऐसी जगहों पर होगा, जहां कांग्रेस पिछड़ गई है। वहां पर ऐसे मुद्दे, जिन पर सरकार को घेरा जा सके, इसकी पूरी जानकारी जुटाने के बाद आने वाले दिनों में बस्तर, सरगुजा और अन्य संभागों से ऐसी यात्रा शुरू की जाएगी। फिलहाल अभी निकाय और पंचायत चुनाव पर पार्टी का फोकस रहेगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद कानून व्यवस्था की स्थिति पर कांग्रेस का फोकस अधिक रहा। ऐसी घटनाएं भी इस दौरान हुई कि कांग्रेस को इसका लाभ मिला। विपक्ष की भूमिका में कांग्रेस सरकार का लगातार घेरने का प्रयास कर रही है। यहां पर महिलाओं के साथ अनाचार की घटनाओं के साथ ही बेरोजगारी और अन्य मामलों को लेकर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। अब सरकार के एक साल के कार्यकाल की समीक्षा के बाद कांग्रेस अपनी रणनीति को मूर्त रूप देगी। आम जनता से पार्टी के जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए न्याय यात्रा की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने साफ कहा है कि कांग्रेस की न्याय यात्रा का समापन नहीं हुआ है, बल्कि अभी विराम लगा है। आगे भी ये यात्रा प्रदेश की दूसरी जगहों पर जारी रहेगी। पार्टी जनता से जुड़े मामलों को सड़क की लड़ाई के माध्यम से जनता तक पहुंचाने के प्रयास में है।

### नई नियुक्ति के बाद तय करेंगे टारगेट

*प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को एआईसीसी ने निर्देश दिए हैं कि कांग्रेस संगठन को और मजबूत बनाने के लिए नई नियुक्तियां की जाएं और निष्क्रिय लोगों को हटाकर सक्रिय लोगों को रखा जाए। पीसीसी ने अपनी सूची से हाईकमान को अवगत कराया है। आने वाले दिनों में इसके जारी होने की संभावना है। नई नियुक्ति के बाद नए सिरे से उन्हें टारगेट देकर अपने क्षेत्र की समस्याओं और घटनाओं के संबंध में पूरी जानकारी लेने के बाद वहां पर सड़क की लड़ाई लड़ने यात्राओं के लिए जिलास्तर पर आयोजन होगा। बड़े नेताओं को इसमें भाग लेने के अलावा स्थानीय लोगों को जोड़ने पर जोर दिया जाएगा।*

### एकजुटता का प्रयास

विधानसभा चुनाव की समीक्षा के दौरान यह सामने आई कि आपसी समन्वय न होने के कारण चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। प्रदेश प्रभारी ने उसके बाद प्रदेश कांग्रेस नेताओं को एकजुट करने की रणनीति तैयार की है। रणनीति के तहत अब सभी संभागों में इस तरह के आयोजन होंगे। अब उन सभी संभागों को लेकर प्रभारी सचिवों के माध्यम से किन-किन मुद्दों पर यात्रा की जाए, इसे स्थानीय और प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक में तय किया जाएगा। प्रभारियों को उसके अनुसार जिलों की अलग-अलग विधानसभा का प्रभार दिया गया है।

**खबर संक्षेप**

## प्राणघातक हमले मामले में तीन आरोपियों को 10-10 साल की सजा

महासमुंद। प्राणघातक हमला के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने सांकरा के वीरेंद्र नगर निवासी 21 वर्षीय कुणाल यादव पिता बसंत यादव, 50 वर्षीय सुभाष बारिक पिता नरसिंग बारिक, 35 वर्षीय अंशुमन तांडी पिता वीरेंद्र तांडी को भादंसं की धारा 307 के तहत 10-10 वर्ष सश्रम कारावास व 1-1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर दो-दो माह का पृथक से कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार जीतेश गोड़ ने सांकरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 मार्च 2022 को शाम 7 बजे उसके पिता आर.बी चीप सोसायटी से दूध लेकर आ रहे थे तो राजस्थानी ढाबा के आगे सुभाष नाई एवं उसके साथी गंदी-गंदी गाली देकर हाथ मुक्का तथा डंडा से उसके पिता तुलसी गोड़ के साथ मारपीट किए। कृष्णा ने जान से मारने की धमकी देते हुए दाहिए हाथ में चाकू मार दिया। जिससे उसके पिताजी को काफी चोट आई। किसी तरह वहां से उसके पिता जान बचाकर ढाबा पहुंचे। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रायपुर ले जाया गया। आंख में बहुत चोट लगी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा था। जहां आरोप दोष सिद्ध होने पर तीनों आरोपियों को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई।

**निधन**

## पवन कुमार साहू



पलारी। ग्राम देवसुंद्रा निवासी पवन कुमार साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे पोषण साहू, चोवाराम साहू के बड़े भैया तथा लोकेश साहू के पिताजी थे।

**पेज 9 के शेष**

### केसला में भगवान...

सहित राजा दशरथ भी सवार होकर निकले। विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए श्री रामचंद्र की बारात बजरंग नवयुवक रामलीला मंडली चौक केशला पहुंचीं। वहां पर उपस्थित जिसका रामलीला मंडली के सदस्यों ने जोरदार आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। इसके बाद रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन किया गया।

### शशीकांत बने कबड्डी

अधिकारी द्वारा घोषित चुनाव परिणाम के अनुसार अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशीकांत बघेल दुर्ग को 37 तथा धीरज बाजपेयी बलौदाबाजार को 32 मत प्राप्त हुए। महासचिव पद के घोषित नतीजे के अनुसार प्रदीप यादव बिलासपुर को 36 तथा राजेश पटनायक रायगढ़ को 33 मत प्राप्त हुए। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद के लिए दावेदार सेवाराम साहू रायपुर को 35 तथा अवधराम चंद्राकर बिलासपुर को 34 मत मिले। संगठन सचिव पद के उम्मीदवार ओपी जालान महासमुंद को 35 तथा हरि पटेल जांजगीर को 33 मत प्राप्त हुए। वहीं उपाध्यक्ष के चार पदों के लिए दिनेश चंदवंशी को 40, निरंजन 34, प्रमोद चौबे 34, कोमल मरावी 34 मत प्राप्त कर निर्वाचित घोषित किये गये।

ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने अलग-अलग स्थानों के लिए सहायता राशि देने दिया आश्वासन

# माता का दर्शन करने देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में पहुंचे विधायक साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

शारदीय नवरात्रि पर भाटापारा विधायक इंद्र साव ने क्षेत्र के दुर्गा पंडाल पहुंचकर देवी मां की पूजा अर्चना की गई। विधायक साव ने सोमवार को धोबनी के प्रसिद्ध चितावरी देवी मंदिर जाकर माता रानी का आशीर्वाद लिया तथा ज्योति कक्ष जाकर जोत–जंवारा का दर्शन किया। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने चर्चा के दौरान प्रकाश व्यवस्था के लिए विधायक से हाई मास्क लैंप की मांग रखी, जिसे विधायक ने शीघ्र लगवाने का आश्वासन दिया। ग्राम बछेरा में विधायक ने महामाया मंदिर जाकर जस गीत सेवा करते ग्रामीणों के साथ बैठकर माता रानी की सेवा में हिस्सा लिया। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने संचालित समूहों हेतु भवन की मांग रखी, जिसे श्री साव ने आने वाले समय में पूरा करने का आश्वासन दिया तथा गांव में सीसी रोड हेतु 5 लाख देने की बात कही। ग्राम भोथीडीह में दुर्गा पंडाल में देवी मां का दर्शन कर जस गीत में शामिल हुए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक साव ने नवरात्रि की बधाई देते हुए मंगल जीवन की कामना की। इस अवसर पर सेवा समिति के सदस्यों द्वारा वाद्य यंत्र की मांग की, जिसे श्री साव ने तत्काल उपलब्ध कराते हुए गांव में 5 लाख के सीसी रोड बनवाने की घोषणा की। ग्राम नवागांव में विधायक ने ग्रामीणों से बैठकर चर्चा की तथा तालाब पार सड़क की समस्या को ग्रामीणों ने अवगत कराया जिसके लिए उन्होंने चार लाख की राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की। वहीं रामलीला के सदस्यों को मंचन हेतु सामान भी उपलब्ध कराया। ग्राम मुसवाडीह में गुरु घासीदास की सतनाम गुरु गद्दी पूजन तथा अखंड ज्योति कलश की स्थापना सतनाम सेवा समिति द्वारा की गई, जहां पहुंचने पर श्री साव का जोरदार आतिशबाजी के साथ स्वागत हुआ। तत्पश्चात विधायक ने बाबा गुरु घासीदास के गद्दी पूजा करने के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का



### गुरु घासीदास के बताये मार्ग पर चलने का दिया संदेश

सभा में बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों का स्मरण करते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्गों पर चलने की बात कही तथा उनके द्वारा सामाजिक, आर्थिक शोषण, जातिवाद, सामंतियों के अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाकर मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया और समाज को एकता के सूत्र में पिरोने वाले बाबा को शांति, सामाजिक समरसता के प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि समाज को दिए उनके उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य, अहिंसा, सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया है तथा शिक्षा को बढ़ावा देते हुए सामाजिक समरसता एवं सबके उत्थान की दिशा में संदेश दिया है। बाबा गुरु घासीदास ने लोगों को मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाया और नैतिक मूल्य की पुनर्स्थापना की। ऐसे गुरु की गद्दी पूजन का अवसर मिलना हम सब के लिए गौरव की बात है। उक्त अवसर पर पार्षद दशरथ चंद्राकर, श्याम लाल देवांगन, जीतनारायण साव, प्रेमलाल साहू और नारायण बंजारे, शत्रुघ्न दास बंजारे, संतु गेंड्रे आदि उपस्थित थे।

# मनवा कुर्मी समाज चुनाव के लिए अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज केन्द्रीय अध्यक्ष पद के लिए 20 अक्टूबर को चुनाव होना है। चुनाव निर्विवाद सम्पन्न हो इसके लिए कुर्मी समाज अर्जुनीराज चुनाव अधिकारियों का प्रशिक्षण कुर्मी छात्रावास भाटापारा में कार्यवाहक केंद्रीय अध्यक्ष केके नायक, केंद्रीय चुनाव सह प्रभारी चोवाराम वर्मा व राजप्रधान हरिराम वर्मा की मौजूदगी में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्य के पूर्व स्वामी आत्मानन्द की जयंती पर उनके छाया चित्र में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चायत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम व क्षेत्र प्रमुखों की उपस्थिति में चुनाव शांति पूर्ण सम्पन्न कराने प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य चुनाव प्रभारी अर्जुनीराज गणेशराम वर्मा, सहायक चुनाव प्रभारी इनुराम वर्मा, अरुण वर्मा कार्यालय प्रभारी, सालिक राम वर्मा, नगर इकाई अध्यक्ष दीपक टिकरिहा, हरीश वर्मा, राकेश वर्मा, तेजराम वर्मा, हुबिराम वर्मा, गोवर्धन वर्मा, खुमान वर्मा, गिरीश वर्मा, भुवनेश्वर वर्मा, रविकांत वर्मा, गजाधर वर्मा, जितेंद्र नायक, बृजमोहन वर्मा, संदीप परगनिहा, भूषण वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, हरिश्चन्द्र वर्मा, मनोज वर्मा आदि सामाजिक जन एवं समस्त पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी, कर्मचारियों ने निष्पक्ष चुनाव कराने का संकल्प लिया।

## लूटपाट करने पर अपराध दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली थाने में दो लोगों के खिलाफ लूटपाट करने की शिकायत दर्ज की गई है। आरोपियों द्वारा रास्ता रोक कर बटन वाला धारदार चाकू को गले में टिकाकर पैसे लूट लिया गया। महादेव सेठ (45) निवासी ग्राम गोहिरापाली ने पुलिस को बताया कि 21 अगस्त को मोटर सायकल से 13,500 रुपए लेकर बकरी खरीदने के लिये सरायपाली जा रहा था। सुबह करीब 5 बजे ग्राम तोरेसिंहा सुरंगी नाला के पास एक मोटर सायकल से दो व्यक्ति आएं और महादेव सेठ का रास्ता रोक कर गाली गलौज कर जेब से बटन वाला चाकू निकाल कर महादेव सेठ के गला के पास टिका दिया और पैसा मांगने लगा। महादेव सेठ ने उनका विरोध किया जान से मारने की बात कहते हुए पैंट के दाहिने पाकिट में रखे 13500 रुपए को लूट लिया। घटना की जानकारी पहले पुत्र मोहित सेठ को दी। रविवार को महादेव को पता चला कि थाना सरायपाली में लूट पाट करने वालों को थाना लाया गया है तो वह भी थाना आकर लूटपाट करने वाले दोनों युवकों को पहचाना और रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी बन्नू गड़तिया पिता सुरेश गड़तिया 24 वर्ष और रूपानंद बेहरा पिता छबि बेहरा 20 वर्ष बलोदा निवासी के खिलाफ 126(2), 296, 3(5), 309(4), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया है।

# शिविर में वृद्धजनों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा वृद्धजनों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन शनिवार को जिला अस्पताल बलौदाबाजार में किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में 50 वृद्धजनों का इको, ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र और हड्डियों का परीक्षण, नाक, कान, गला, न्यूरोलॉजी जैसी महत्वपूर्ण जांच की गई, जिसमें कई पेंशनर भी शामिल होकर स्वास्थ्य जांच का लाभ लिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के संबंध में विविध प्रकार की गतिविधियां जिले में संपादित की गई। इसमें प्रचार–प्रसार, स्वास्थ्य जांच शिविर आदि का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल तक के स्तर पर किया गया। वृद्धावस्था में कई प्रकार की शारीरिक व्याधियां उत्पन्न होती हैं। इस हेतु समय–समय पर इस प्रकार की जांच से रोग का तत्काल पता लगाकर उसका उपचार किया जा सकता है। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी, सिविल सर्जन केके टेम्भूरने, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा, डॉ. ज्योति वर्मा, डॉ. गौतम सूर्यवंशी, रीना सलूजा, डॉ. विनोद पटेल, आलोक दुबे, मोनिका यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# धान फसल में रोग से बचाव के लिए कृषि सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगढ़–बिलाईगढ़

धान की फसल में विभिन्न प्रकार के कीट एवं बीमारी का प्रकोप के संबंध में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र बलौदा बाजार तथा आशुतोष श्रीवास्तव उपसंचालक कृषि सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा कीट बीमारी नियंत्रण के लिए कृषकों को संयुक्त रूप से सलाह एवं मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने कहा की तनाछेदक कीट की इल्ली तने की गांठ में छेद करके तने के अंदर घुसकर मुख्य तने को अंदर ही अंदर खाती है, इस कारण बाहर से सूखा पौधा या सूखी बाली रहित पौधा दिखाई देता है। इसके नियंत्रण के लिए कर्टाप हाइड्राक्लोराइड 4 जी 8 किग्रा की दर से खेत में भुरकाव करें या ट्राइजोफास 40 ईइसीइ 2.5 मिली प्रति लीटर पानी की दर से या बुफरोफेजीन 10 ईइसीइ 1.5 मिली प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। पेनीकल माइट से पत्ती के आवरण के पीछे चाकलेटी भूरे धब्बे दिखाई देते हैं। बाली वाले स्थान पर फंगस लग जाता है, जिससे बालियां बदरंग हो जाती है। इसके नियंत्रण के लिए डाइकोफाल 18.5 ईइसीइ 2.5 मिली प्रति लीटर पानी की दर से या इसपिरोमेफिसेन 22.9 एसइसीइ 2.0 मिली प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। शीथरॉट में गबोट के निचले हिस्से पर हल्के भूरे रंग के धब्बे बनते हैं जो कि एक रिंग से घिरा रहता है, जिसके कारण बाली का कुछ भाग ही बाहर आ पाता है इसमें दाने नहीं भरते एवं बदरा बढ़ जाता है। इसके नियंत्रण के लिए कार्बेण्डाजिम 12 प्रतिशत मेंकोजेब 63 प्रतिशत 1 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। शीथ ब्लाइट में पौधे के ऊपर शीथ में पानी की सतह से आरंभ होकर ऊपर की ओर पौधा झुलसता है। रोग उग्र अवस्था में तने के ऊपर फैल जाता है, जिससे दाना भर नही पाता इसके नियंत्रण के लिए हेक्साकोनाजोल 1 मिली प्रति लीटर पानी की दर से या थायोक्लुजामाइड 1 मिली प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

# नगर में चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल का स्वास्थ्य मंत्री ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नगर में चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल के नवनिर्मित परिसर में सर्वसुविधा युक्त 180 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं कार्डियक सेंटर का सोमवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्य अतिथि में दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में प्रमुख जनप्रतिनिधिगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. रमन सिंह ने बलौदाबाजार में एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की जटिल बीमारियों के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संचालकों को बधाई देते हुए कहा कि इससे न केवल जिलावासियों बल्कि आसपास के अन्य जिलावासियों को भी इसका लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक बंशराज तिवारी के पुत्र शासकीय चिकित्सक के रूप में सीएमएचओ के पद से सेवानिवृत हुए प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक डॉ. प्रमोद तिवारी द्वारा अपने माता–पिता की आज्ञा का पालन करते हुए वर्ष 2001 में चंदा देवी अस्पताल का संचालन प्रारंभ किया था। वहीं अब इसे आगे बढ़ाते हुए उनके पुत्र प्रसिद्ध लेप्रोस्कोपीक सर्जन डॉ. नितीन तिवारी एवं डॉ. गीतिकाशंकर तिवारी द्वारा चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल का विस्तार करते हुए 180 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में सर्वसुविधा युक्त चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की शुरूवात की गई है। इस अवसर पर हॉस्पिटल के संचालक डॉ. नितीन तिवारी ने बताया कि यहां पर हृदय रोग, कैथ लेब, एनजीओ ग्राफी, मस्तिष्क रोग, कैंसर किमोथेरेपी, हेपा फिल्टर युक्त मॉडयूलर आईसीयू, एनआईसीयू, ऑपरेशन थियेटर, डॉयलिसिस, आईवीएफ, एमआरआई जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध होगी। साथ ही मरीजों को शासन द्वारा तथा विभिन्न बीमा कंपनियों द्वारा दी जाने वाली चिकित्सकीय लाभ भी प्रदान किया जायेगा। डॉ. तिवारी ने कहा कि 24 घंटे के निरंतर श्रेष्ठतम स्वास्थ्य सेवाओं के संकल्पों के साथ हम और हमारा स्वास्थ्य परिवार सेवा देंगे और हमारे बाबूजी स्व. पं. बंशराज तिवारी के सपनों को साकार करते हुए आगे बढ़ायेंगे।

# मिडिल स्कूल में सामुदायिक सहभागिता से बनेगा शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



नगर भटगांव अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह में द्वितीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शौचालय का विषय रखा गया, जिसमें सामाजिक सहभागिता से शौचालय निर्माण का निर्णय लिया गया। शाला प्रबंधन समिति ने बताया गया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह में शौचालय नहीं होने को लेकर ब्लॉक व जिला के अधिकारियों तथा विभिन्न जन प्रतिनिधियों को लिखित आवेदन देते आ रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ को तीन बार को आवेदन दिया जा चुका है। 1 जुलाई को स्कूल के पालक एवं बच्चों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन दिया गया था, जिस पर कलेक्टर ने जल्द से जल्द स्कूल में शौचालय निर्माण करने का आश्वासन बच्चों एवं पालकों को दिया गया था, किंतु तीन माह बीत जाने के बाद भी आज तक कुछ नहीं हो पाया। इसके लिए पंचायत, जनपद व जिला के जन प्रतिनिधियों को भी इस संबंध में लिखित आवेदन दिया जा चुका है। उनके द्वारा भी आज तक शौचालय के लिए कोई स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। इसे देखते हुए पालकों में भारी रोष व्याप्त है तथा बैठक में निर्णय लिया गया है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह में सामुदायिक सहभागिता से शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

# नगर में बनी अहिल्या बाई होलकर समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ अध्यक्ष जयनारायण और उपाध्यक्ष वर्षा मिश्रा बनीं



नगर में लोक माता अहिल्या बाई होल्कर त्रिशाब्दी जन्म जयंती समारोह समिति का गठन किया गया। इसमें सर्व प्रथम आयोजन समिति के जिला कार्यकारिणी का नियोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष जयनारायण केशरवानी, पूर्व प्राचार्य शासकीय डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार, उपाध्यक्ष वर्षा मिश्रा विद्यालय संचालक कसडोल, सचिव हेमंत टिकरीहा पतंजलि योग, सह सचिव विनय कुमार ठाकुर, भाटापारा सह सचिव सौरभ दुबे, विद्यालय संचालक सिमगा कोषाध्यक्ष रूद्र कुमार चंद्रवंशी शिक्षक बलौदा बाजार को मनोनीत किया गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मन्नु साहू भाटापारा, रिकेश साहू भटभेरा, टेशुलाल धुरंधर बलौदाबाजार, खोडसराम कश्यप बलौदाबाजार, भारती ठाकुर सुहेला, राजेन्द्र निराला बरपाली, राकेश ध्रुव बलौदा बाजार, कुणाल सिंह भाटापारा, केवल साहू बनसाकरा, राजेश्वरी साहू अर्जुनी, अभिषेक तिवारी बलौदा बाजार, गोपेश तिवारी भाटापारा, मीना साहू पलारी, मिथिलेश साहू ससहा, टिकेश्वरी पटेल बलौदाबाजार, किरण वर्मा बलौदा बाजार को मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी गठन के साथ ही आगामी समिति के कार्य विस्तार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें समिति के मनोनीत अध्यक्ष जयनारायण केशवानी ने कार्यक्रम के स्वरूप एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही उपस्थित अन्य सदस्यों ने भी कार्यक्रम की सफलता हेतु विभिन्न सुझाव रखें। इसमें विद्यालय महाविद्यालयों में संगोष्ठी आयोजन, सामाजिक धार्मिक मंचों पर अहिल्या बाई होलकर के जीवन प्रसंगों की चर्चा, लघु नाटक, लघु फिल्म निर्माण आदि की योजना और टोली का निर्माण किया गया। उक्त अवसर पर समिति के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में जिलेभर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।






## सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्यये त्रयम्बिके गौरी नारायणी नमोस्तुते..!!


बलौदाबाजार। बजरंग चौक सरवाडीह


इमली चौक पैजनी


महामाया चौक जुड़ा


बाजार चौक बरदा



गुड़ी चौक बरदा


बस्ती पारा मुण्डा


बजरंग चौक जुड़ा


महामाया मंदिर मुण्डा


धूम दास चौक पैजनी


आदर्श चौक मुण्डा

## खबर संक्षेप

### शहीद स्मारक में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 6 अक्टूबर को बिरकोनी के वीर सपूत शहीद घनश्याम कनौजे की जयंती पर शहीद स्मारक खरोरा एवं फारेस्ट ग्राऊंड में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चन्द्राकर, प्रदीप चन्द्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, कनक राम निषाद, कन्हैया लाल सोनी, प्रदीप चन्द्राकर, मुकेश चन्द्राकर, अग्निवीर प्रशिक्षकगण मौजूद रहे।

### पतईमाता मंदिर में महिलाओं ने निकाली चुनरी यात्रा

**पटेवा।** क्षेत्र में शारदीय नवरात्र महोत्सव पर श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश की स्थापना की गई है। वहीं दुर्गा पंडालों में विराजित माता के दर्शन के लिए प्रतिदिन लोगों का तांता लग रहा है। महिलाओं द्वारा जोगीडीपा से पतईमाता मंदिर तक 351 मीटर चुनरी यात्रा निकाली गई। जिसे देखने श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

### शिविर में 31 मानसिक रोगी मिले

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में शिविर का आयोजन किया गया। जहां 31 मानसिक रोगी मिले। इस अवसर पर डॉ व्हीए कोसरिया बीएमओ, सीतल सिंह बीपीएम, डॉ वर्षा सतपथी, प्रदीप साहू आरएमए, मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से टेकलाल नायक मानिटरिंग, गौतम यादव केस राजिस्ट्री असिस्टेंट आदि का सहयोग रहा। यह जानकारी रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता ने दी है।

### अमेरा में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**नर्रा।** संगी साथी युवा क्लब ग्राम अमेरा उखरा के तत्वावधान में शारदीय क्वांर नवरात्रि पर 8 अक्टूबर को रात्रि में डीजे डांस स्पर्धा का आयोजन किया गया है। क्लब के अध्यक्ष पुष्प कुमार साहू, उपाध्यक्ष मोरध्वज पटेल, संरक्षक देवव्रत साहू, कोषाध्यक्ष गुमेश साहू एवं सचिव नंदकुमार पटेल आदि ने बताया कि सामूहिक ग्रुप डांस युगल डांस एवं एकलडांस के प्रतिभागी को राशी से पुरस्कृत किया जावेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रविन्द्रराजसिंह ठाकुर एवं भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू होंगे। विशेष अतिथि मे सरपंच लाल साहू मंच संचालक राजू तांडी करेंगे।

### संत कंवरराम साहेब का 40वां वर्सी महोत्सव 25 से

**रायपुर।** संत कंवरराम साहब का 40वां बरसी महोत्सव समता कॉलोनी माता सावित्री देवी बाबा हरिशचंद्र दरबार में धूमधाम से मनाया जाएगा। दरबार के सेवादार प्रेमप्रकाश मध्यानी ने बताया कि 25 अक्टूबर को अखंड पाठ साहब आरंभ सुबह 12 बजे, भोग साहब 27 अक्टूबर दोपहर 12 बजे के बाद आम लंगर होगा, 25 एवं 26 रात्रि कटारिया ब्रदर्स, मास्टर सक्षम एवं कुंदन भगत बिलासपुर का सत्संग कार्यक्रम होगा। शनिवार रात्रि 9 बजे साधु भोज होगा।

**पर्व : ग्रामीण बड़ी संख्या में मनोकामना लेकर दर्शन करने पहुंच रहे**

# केसला, सोनाडीह के सिंहासनपाठ मंदिर में 160 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शारदीय नवरात्रि पर्व पर शिवनाथ नदी तट पर ग्राम केसला, सोनाडीह स्थित सिंहासनपाठ मंदिर में इस वर्ष 160 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई है। मंदिर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि सिंहसनपाठ में इस वर्ष शिवरात्रि एवं मांघी पूर्णिमा में भव्य मेला लगता है। जिसमें आसपास एवं दूर– दराज के ग्रामीण बड़ी संख्या में मनोकामना लेकर दर्शन करने पहुंचते हैं। संगम स्थल में मध्य स्थित होने के कारण मंदिर स्थल का वातावरण शांत और वैराग्ययुक्त होता है। श्री श्री 108 श्री रविनाथ मौनी बाबा आश्रम श्री सिद्ध सिंहासनपाठ मंदिर समिति के अध्यक्ष रामकरण मरावी ने बताया कि मंदिर के दोनों ओर शिवनाथ नदी और जमनैयानाला में पिचिंग कार्य के लिए जिलाधीश को समिति द्वारा ज्ञापन सौंपा गया था, जिस पर जिलाधीश द्वारा संज्ञान लेते हुए शीघ्र पिचिंग कार्य करवाने का आश्वासन दिया गया। साथ ही नवरात्रि पर्व में ज्योतिकलश एवं मंदिर में दर्शन करने के लिए आने आपनी सहमति



प्रदान की। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से संतकुमार पोर्ते, जिला उपाध्यक्ष अखिल भारतीय मजदूर सेवा संघ राष्ट्रीय एकता, फेकराम साहू, तानसेन साहू, बृजलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### मां महामाया मंदिर में 4 हजार ज्योत प्रज्ज्वलित

**लवन।** शारदीय नवरात्रि पर्व के पंचमी पर देवी मंदिरों में माता रानी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही देवी मंदिरों में जल चढ़ने के लिए महिलाओं की लंबी कतार लगी रही। सब अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे थे। नगर के शक्ति पीठ मां महामाया मंदिर सहित सभी दुर्गा पंडालों में सुबह 4 बजे से भक्तों की भीड़ लगना प्रारंभ हो गई थी। नवरात्रि के अवसर पर सभी शक्तिपीठों में महिला श्रद्धालुओं द्वारा देर रात तक देवी जस गीत एवं भजन– कीर्तन करते दिखे। महामाया मंदिर के पुजारी पं. भावेश तिवारी ने बताया कि इस वर्ष श्रद्धालुओं द्वारा 3840 तेल तथा 150 घी की अखंड़ ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई है।




श्री राम चौक कोलिहा


महादेव चौक बगबुड़ा


कुंआ चौक बगबुड़


महामाया चौक बगबुड़ा

**मुंडा।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर इन दिनों अंचल के ग्राम मुंडा, कोलिहा, सरवाडीह, जुडा, पैजनी, कोहरौद, कुम्हारी, धाराशिव मल्लीन, बिटकुली, धनगांव, बरदा, जामडीह, गिंदोला, पंडरिया, सरखोर, अहिल्दा सहित आसपास के क्षेत्र में नवरात्रि पर्व के चलते अंचल में भक्ति की लहर है। मां दुर्गा की आराधना में भक्तों की भीड़ झांकियों में देखने को मिल रही है। मुंडा के महामाया मंदिर में दर्शन करने भक्तजन पहुंच रहे हैं। लवन नगर में करीब 20 जगहों पर दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। दुर्गा उत्सव के सदस्य नवरात्रि के पावन पर्व पर भक्ति में डूबे हुए हैं। लवन के प्रसिद्ध मां महामाया मंदिर में सुबह से शाम तक हजारों श्रद्धालुगण दर्शन करने पहुंच रहे है

# शबरी और राम सुग्रीव मित्रता प्रसंग ने लीला में बटोरी ताली

**भाटापारा।** आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा में 105 वर्ष का मंचन जारी है, जिसके चौथे दिन की लीला में मार्मिक शबरी प्रसंग, राम सुग्रीव मित्रता की लीला एवं बालिवध की लीला के साथ हनुमानजी के लंका जाने के लिए उड़ने तक की लीला का भव्य मंजन किया गया। इसमें दर्शकों की भीड़ जुटी रही। सभी ने ताली बजाकार कलाकारों का मनोबल बढ़ाया एवं भव्य प्रस्तुतियों की सराहना की। शबरी के रोल में आयुष तिवारी ने अभिनय किया। वहीं लव शर्मा ने हनुमानजी के पाठ के जोशीले अभिनय ने लोगों में उत्साह भरा। बाली सुग्रीव के रोल में सागर जायसवाल एवं काव्यांश शर्मा नजर आए। साथ ही अन्य किरदारों ने चौथे दिन की लीला प्रस्तुति में अपने कला की छटा बिखेरते हुए रंग भरा । आदर्श रामलीला नाटक मंडली के चौथे दिन के मंचन पर भगवान श्रीराम की आरती में भाटापारा शहर के विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें जय भोले कांवरिया संघ, संगीतमय सुंदरकांड समिति, यज्ञ आयोजन समिति, श्री पंचमुखी सुंदरकांड समिति एवं रामाश्रय परिवार शामिल रहा। मोहन केसरवानी ने इस अवसर पर आयोजन कर्ताओं को बधाई दी।

- 0रामयण में बाली वध के साथ हनुमानजी के लंका जाने के लिए उड़ने तक की कला बनी आकर्षण का केंद्र



### आयोजन समिति मंडली को प्रतिवर्ष देगी 11 हजार रुपए

रविंद्र शर्मा ने यज्ञ आयोजन समिति की ओर से 11000 रुपये की सहयोग राशि प्रतिवर्ष आदर्श रामलीला नाटक मंडली को देने की प्रतिबद्धता जताई। विदित हो कि पालकगण अपने बच्चों को रामलीला के लिए तीन से चार महीने पहले से भेजते हैं, जिससे यह मंचन सफल हो पता है। इस अवसर पर रामलीला नाटक मंडली के संरक्षक मंडल के सदस्य सत्यनारायण जोशी सहित अशोक तिवारी भी उपस्थित थे। बाद में रामलीला में कार्य करने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया गया ।

**मिनी गार्डन का लोकार्पण भी किया गया**

# नपं के प्राचीन चौक पर सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत के प्राचीन चौक सुभाष चन्द्र बोस के नाम से जाना जाता है, किन्तु वह अपने अस्तित्व धूमिल होकर साईं मंदिर चौक के नाम से जाना जा रहा है। यह चौक वास्तव में सुभाष चौक के नाम से जाना जाएगा। इसके लिए सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति का अनावरण किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत कई पंच वर्षीय कार्यकाल के बाद वर्तमान परिषद ने नगर को सौंदर्यीकरण के माध्यम से शहर का स्वरूप प्रदान करने की योजना बनाई, जिसमें शहरों में हुए सौंदर्यीकरण की तर्ज पर सुभाष



चौक (साईं मंदिर चौक) का सौंदर्यीकरण करते हुए मिनी गार्डन के साथ महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति का अनावरण किया गया। एक तरफ जहां फूल पौधे से सुसज्जित मिनी गार्डन आज लोगों के आकर्षण का केंद्र है। वहीं सुभाष चन्द्रबोस की मूर्ति की स्थापना आम लोगों में देश के लिए बलिदान होने वाले महान विभूति से प्रेरणा भी प्राप्त होगा। नगर पंचायत भटगांव के परिषद इस चल रहे कार्यकाल पर विभिन्न विकास कार्यों को लेकर सहराना की जाना सही लगता है। क्योंकि विकास के मापदंड पर नये आयाम और नया स्वरूप को प्राप्त किया। उक्त लोकार्पण एवं मूर्ति अनावरण पर एक और जहां कीर्तन मण्डली द्वारा उत्साह के साथ कीर्तन भजन किया गया, वहीं आम लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसमें नगर पंचायत अध्यक्ष नर्मदा अमीत कौशिक, उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, पार्षदगण प्रतिनिधि संजू साहू, वैष्णव राजेश सिदार, दुष्यंत नवरंग, जान मोहम्मद, ईश्वर केंवट, भुनेश्वर नारंग पार्षद प्रतिनिधि, लीलाधर वैष्णव पार्षद प्रतिनिधि, सुरेश रघु पार्षद मौजूद थे।

